# कॉमर्शियल लांच के लिए 17 स्टार्टअप को मदद देंगे

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

**05** हजार से ज्यादा स्टार्टअप करवा चुके पंजीकरण

राज्य सरकार 13 और स्टार्टअप को कॉमर्शियल लांच के लिए वित्तीय मदद देगी। इसे मिलाकर 17 स्टार्टअप अब राज्य सरकार की स्टार्टअप नीति 2020 के तहत सूची में शामिल हो गए हैं।

दिसम्बर तक 30 स्टार्टअप को मदद देने की तैयारी है। आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग नवम्बर में नीति कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) की बैठक में बाकी के प्रस्ताव रखेगा।

इन स्टार्टअप को पांच लाख रुपये मार्केटिंग के लिए दिए जाते हैं। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर मदद दी जाती है। ये मदद उन्हीं स्टार्टअप को दी जा रही है जो सरकार के साथ पहले से पंजीकृत हैं और इनमें से ज्यादातर को 15 हजार रुपये महीना अधिकतम 1.80 लाख रुपये दिए गए हैं। विभाग का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप को ये मदद दी जा सके।